
अमर उजाला 25/08/2022

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में हुआ कार्यक्रम

# कार्य करने के तरीके बताए



गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते वक्ता।

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज छावनी प्रांगण में प्राचार्य डॉ. वीके जैन की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। इसका नेतृत्व प्लेसमेंट कमेटी की संयोजक डॉ. अनुपमा सिहाग ने किया। इंडस कंप्यूटर्स के पदाधिकारी महिपाल राठी और कमल के माध्यम से महाविद्यालय में 50 विद्यार्थियों के सहयोग से कार्यक्रम पूर्ण किया।

डॉ. रवनीत कौर ने विद्यार्थियों को बाहरी स्तर पर कार्य करने के महत्वपूर्ण तरीकों से अवगत करवाया। डॉ. अनुपमा सिहाग ने कहा कि विद्यार्थियों की अपनी कुशलता और क्षमता होती है। इसके माध्यम से उनका चयन अलग-अलग स्थानों पर होता है। इससे वे स्वयं रोजगार प्राप्त करते हैं।

कार्यक्रम के अंत में इंडस कंप्यूटर्स के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को चयन पत्र प्रदान किए। इस दौरान डॉ. सीमा कांसल, डॉ. सुरेंद्र कुंडू, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. रवनीत कौर और श्याम रहेजा उपस्थित रहे।